पाठ 10. अपना राष्ट्र महान

पाठ का उद्देश्य

इस कविता के माध्यम से बच्चों को देश की विशिष्टता तथा गांधी जी जैसे महापुरुषों का परिचय मिलेगा। कविता पढ़कर उन्हें काव्य-सौंदर्य का बोध होगा। कविता याद कर सुनाने से उनकी स्मरण-शक्ति का विकास होगा तथा उनके उच्चारण व लयात्मकता में भी सुधार होगा।

- अध्यापक/अध्यापिका बच्चों को कविता याद करके सुनाने को कहें।
- उनके उच्चारण पर ध्यान दें।
- कविता को धाराप्रवाह सुनाएँ, ये ध्यान रखें।
- चार-पाँच बच्चों के समूह बनाकर उन्हें इसे समूहगान के रूप में गाने को कहें।

इस गतिविधि से बच्चों की भाषा संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। कविता लयबद्ध करके सुनाने से उनमें संगीत एवं लय संबंधी तथा शारीरिक क्रिया संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। समूह में अपने मित्रों के साथ मिलकर काम करने से उनकी सामाजिक कुशलता संबंधी तथा अंतर्मुखी विश्लेषण संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा।